दिन– शुक्रवार                                                    दिनांक– 20 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                           अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सीवान के जसौली में पांच हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

02. श्री मोदी एक जनसभा को भी करेंगे संबोधित। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुबह से ही सभा स्थल पर लोगों की उमड़ने लगी है भीड़।

03. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर के कथित अपमान को लेकर राज्य सरकार से जवाब तलब किया।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सीवान जिले के जसौली में आयोजित एक कार्यक्रम में पांच हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। ये योजनाएं शहरी विकास, जल उपचार, प्रधानमंत्री आवास योजना और रेलवे से संबंधित हैं। श्री मोदी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सिवान में आयोजित कार्यक्रम में बिहार के लोगों को विकास की पूर्ण की गई कई योजनाओं की सौगात देंगे। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस टी पी) परियोजनाओं के उद्घाटन से पटना शहर और आस पास के विभिन्न रिहायशी इलाकों के नालों का पानी शुद्ध होकर गंगा नदी में पहुंचेगा। इससे स्वच्छ और निर्मल गंगा के अभियान को और सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री सारण जिले के मढ़ौरा में बनने वाले उच्च क्षमता वाले लोकोमोटिव इंजन की खेप को पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र गिनी को निर्यात करने की शुरुआत करेंगे। पुराने समय में अपने चीनी उद्योग और निर्यात क्वालिटी वाले चाकलेट, कन्फेक्शनरी के बिजनेस के लिए प्रसिद्ध मढ़ौरा के औद्योगिक क्षेत्र के फिर से उत्थान की दिशा में यह बड़ी बात होगी। देवरिया से हाजीपुर तक प्रधानमंत्री द्वारा नई रेल लाइन के उदघाटन से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र से बेतिया, नरकटियागंज, मुजफ्फरपुर, वैशाली जिले तक रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। वहीं, पटना के पाटलिपुत्र जंक्शन से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर तक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन से क्षेत्र के लोगों को हाई स्पीड रेल की सुविधा मिलेगी।
प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।
धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार सिवान

---

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर की तस्वीर के कथित अपमान को लेकर राज्य के मुख्य सचिव को जवाब तलब किया है। आयोग ने समाचार पत्रों और सोशल मीडिया में जारी

तस्वीर और वीडियो पर स्वतः संज्ञान लेते हुये नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के माध्यम से आयोग ने पन्द्रह दिनों के अन्दर लालू प्रसाद के खिलाफ की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है।

---

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने मगध प्रमंडल की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल समेत कई वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल हुये। बैठक में मगध प्रमंडल अन्तर्गत आने वाले सभी जिलों के जिलाधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को चुनाव तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

---

राज्य में वर्ष दो हजार छब्बीस में होने वाले पंचायत आम चुनाव में आरक्षण के नये प्रावधान लागू होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि दो पंचायत चुनाव के बाद नियमानुसार आरक्षण की व्यवस्था में बदलाव किया जाता है। पंचायत निर्वाचन नियमावली के प्रावधानों के अनुसार वर्ष दो हजार छब्बीस में नये चक्र के अनुसार पंचायत चुनाव होंगे।

---

प्रदेश में हो रहे पंचायत उप चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कल से नामांकन पत्रों की जांच होगी। उप चुनाव के लिए मतदान नौ जुलाई को होगा।

---

राज्य सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय, ईडी को प्रदेश के बावन बड़े अपराधियों की संपत्ति जब्त करने प्रस्ताव भेजा है। इन अपराधियों पर प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसमें परमादी मिलर, बालू माफिया, शराब तस्कर, साइबर अपराधी, जमीन माफिया, ठगी समेत अन्य श्रेणी के अपराधी शामिल हैं। ईडी के पास ये सभी प्रस्ताव आर्थिक अपराध इकाई के माध्यम से भेजे गए हैं। ईओयू के अपर पुलिस महानिदेशक नैय्यर हसनैन खान ने बताया कि ये प्रस्ताव वर्ष दो हजार बीस से अब तक अलग–अलग चरणों में भेजे गए हैं। इसमें एक दर्जन से अधिक मामलों पर प्रवर्तन निदेशालय ने ईसीआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार अपराधियों को जल्द सजा दिलाने के लिए विशेष अदालतों का गठन किया जायेगा। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि इसके

लिए पुलिस मुख्यालय ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में राज्यभर में आर्म्स एक्ट के पांच हजार से अधिक मामले दर्ज हुये हैं।

---

राज्य के सरकारी विद्यालयों के स्थानांतरित छब्बीस हजार छह सौ पैंसठ शिक्षकों को स्कूल का आवंटन कर दिया गया है। जिन शिक्षकों को स्कूल का आवंटन किया गया है वे स्थानांतरण श्रेणी एक से छह के तहत आते हैं।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने विशेष विद्यालयों में अध्यापक के सात हजार दो सौ उनासी पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया दो जुलाई से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि अट्‌ठाईस जुलाई तक निर्धारित है। विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

---

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कल मुख्य समारोह विशाखापत्तनम में आयोजित होगा, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में भी योग शिविरों और योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। राज्य के प्रमुख पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों पर संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में योग सत्र आयोजित किये जायेंगे। वहीं, प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में योगाभ्यास सत्र– योग संगम का आयोजन होगा। योग स्वस्थ जीवन के लिए वरदान है, इसे हमें अपनी जीवन शैली में आवश्यक रूप से शामिल करना चाहिए।

–––बाईट–––

इधर, पटना उच्च न्यायालय में आज विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया है।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से राजधानी पटना समेत अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि मॉनसून की सक्रियता से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में बारिश होगी। कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

---

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने बिहार में बिजली गिरने से बढ़ रही मौतों की संख्या पर स्वतः संज्ञान लिया है। अधिकरण ने एक मीडिया रिपोर्ट के आधार पर संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि ताड़ के वृक्षों की कटाई के कारण राज्य में बिजली गिरने से मौत की संख्या बढ़ रही है। इन वृक्षों की विशेषता होती है कि ये प्राकृतिक तड़ित चालक का काम करते हैं और बिजली को धरती तक सुरक्षित पहुंचा देते हैं। अधिकरण ने इस मामले को कोलकाता स्थित पूर्वी क्षेत्रीय बेंच को सौंपा है। इसमें पर्यावरण, वन और आपदा प्रबंधन विभाग समेत कई संबंधित सरकारी एजेंसियों को पक्षकार बनाया गया है। मामले की अगली सुनवाई सात अगस्त को होगी।

---

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि भूमि सुधार उपसमाहर्ता या समकक्ष पदों पर नियुक्ति केवल बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों से की जायेगी। न्यायाधीश अरविंद सिंह चंदेल की एकल पीठ ने अंचलाधिकारियों द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुये राज्य सरकार को इस संबंध में निर्देश जारी किया।

---

पटना उच्च न्यायालय ने पटना रेलवे स्टेशन और आस–पास के क्षेत्रों में व्याप्त गंदगी, ट्रैफिक जाम, अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण के मामलों को गम्भीरता से लिया है। न्यायालय ने रेलवे तथा जिला प्रशासन को स्थिति सुधारने के लिए ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश पी.बी. बजंथ्री की खंडपीठ ने एक लोकहित याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई सत्रह अगस्त को होगी।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर मोबाईल कॉल और एसएमएस के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली है। श्री कुशवाहा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्होंने पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक को इसकी सूचना दे दी है।

---

नवादा में चल रहे राष्ट्रीय हैंड बॉल प्रतियोगिता के कल दूसरे दिन मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, त्रिपुरा, ओडिशा, गुजरात, हरियाणा और दिल्ली की टीमों ने अपने–अपने मैच जीत लिये हैं।

---

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेरूआ में एक ई–रिक्शा में विस्फोट होने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गयी।

---

सारण जिले के दिघवारा थाना में पदस्थापित दारोगा टिंकू कुमार द्वारा एक आरोपी को रिश्वत लेकर छोड़ने के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

---

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती जहानाबाद के एक कैदी के फरार होने के मामले में एक पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है।

---

पटना जंक्शन पर ऑपरेशन क्लीन के तहत रेल पुलिस ने ट्रेन में चोरी करने वाले गिरोह के ग्यारह सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

---

मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र के सजुआ पंचायत में ग्रामीणों ने एक बुजुर्ग की पीट–पीट कर हत्या कर दी। स्थानीय थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार राय ने बताया कि मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–पीएम आज सीवान आयेंगे, छह हजार करोड़ की योजनाएं देंगे।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पेपर लीक मामले में पटना, नालंदा समेत ग्यारह ठिकानों पर ईडी के छापे।

प्रभात खबर ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के हवाले से लिखा है– विधानसभा चुनाव में तेजस्वी होंगे सीएम का चेहरा।

दैनिक भास्कर ने पटना हाई कोर्ट के एक फैसले के हवाले से लिखा है– मुख्यमंत्री को राहत, हाई कोर्ट ने कहा –हाथ जोड़कर प्रणाम करना राष्ट्र गान का अपमान नहीं।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– अगले चार दिनों तक सूबे में होगी झमाझम बारिश।

आज अखबार लिखता है– ईरान ने इजराईली स्टॉक एक्सचेंज– अस्पताल को उड़ाया।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सीवान के जसौली में पांच हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

02. श्री मोदी एक जनसभा को भी करेंगे संबोधित। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुबह से ही सभा स्थल पर लोगों की उमड़ने लगी है भीड़।

03. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर के कथित अपमान को लेकर राज्य सरकार से जवाब तलब किया।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।